तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 28 जुलाई 2025

4 महानदी का जलस्तर बढ़ा, खतरे में रायगढ़ जिले के 14 गांव, प्रशासन अलर्ट





## खबर संक्षेप

### महिला 15 दिन से लापता, परिवार बेहाल



**रायगढ़।** जिले के अमली पाली निवासी सुमन साव उम्र 26 वर्ष बीते 11 जुलाई से लापता है। परिजनों के अनुसार वह शाम को घर से निकली थी, लेकिन लौटकर नहीं आई। काफी तलाश और रिश्तेदारों से पूछताछ के बाद जब कोई पता नहीं चला, तो थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। 15 दिन से अधिक बीत जाने के बावजूद पुलिस को अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। परिजन बेहद परेशान हैं और आमजन से अपील कर रहे हैं कि अगर किसी को सुमन के बारे में कोई जानकारी मिले, तो नजदीकी थाना या परिवार को सूचना दें।

### छात्र-छात्राओं को अपराध के संबंध में दी जानकारी



**जांजगीर-चांपा।** यातायात पुलिस द्वारा जिले के स्कूलों में जा-जाकर छात्र छात्राओं को यातायात नियम व सायबर अपराध के संबंध में जानकारी दी जा रही है। साथ ही नाबालिको के द्वारा वाहन नही चलाने, मोटर सायकल में ट्रिपल सवारी नही चलने, हेलमेड पहन कर मोटर सायकल चलाने, तेज गति में वाहन नहीं चलाने की हिदायत दी गई। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में जांजगीर -चाम्पा पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उचित बचाव के लिए जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार के नेतृत्व में यातायात जन- जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा थाना चांपा क्षेत्र के लायंस स्कूल चांपा में यातायात नियमों के संबंध में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि राहवीर योजना एक स्वैच्छिक नागरिक सहायता कार्यक्रम है। इसमें कोई भी आम व्यक्ति जो दुर्घटना के बाद घायल को उसे 25 हजार रूपए तक की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

### बालिका से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। घटना के संबंध में यह जानकारी मिली 11 जुलाई 2025 के दोपहर में नाबालिक बालिका को सूनेपन का फायदा उठाकर छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता जोर से चिल्लाई तो आरोपी वहां से भाग गया जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना अकलतरा मे धारा 74 बीएनएस 8 पाक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। थाना अकलतरा पुलिस द्वारा आरोपी लोकेश कुमार बंजारे निवासी कोटमीसोनार को को पकड़ा जिसको हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### झांसा देकर ठगी करने वालों से रहें सावधान

**तालदेवरी।** महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, यातायात सड़क सुरक्षा, सायबर ठगी के प्रति लोगों को जागरूक करने करनौद में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया( मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी उमेश कुमार कश्यप मौजूद रहे। बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम पंचायत करनौद में भारती जनसेवा संघ के तत्वावधान में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि एडिशनल एसपी उमेश कुमार कश्यप, विशिष्ट अतिथि रणधीर पाण्डेय,श्रीमती राजेश्वरी भुवन कुम्हार आदि शामिल हुए।

## परिजन चिंतित, पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं

# पूर्व विधायक का भाई व पंचायत सचिव 21 दिन से लापता, अब जाकर एक्टिव हुई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा विधानसभा के कांग्रेस के पूर्व विधायक रहे चक्रधर सिंह सिदार के सबसे छोटे और लाडले भाई जयपाल सिंह जोकि पंचायत सचिव हैं वो 21 दिनों से लापता हैं। इतने दिनों से उसकी खोजबीन करने के बजाय हाथ पर हाथ धरी बैठी पुलिस अब जाकर एक्टिव हुई है। पीड़ित परिजन इस बात से चिंतित हैं कि जयपाल कहां और किस हालत में है, वे खुद को पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट बता रहे हैं।

दरअसल पूर्व विधायक चक्रधर सिंह सिदार सहित उनके 8 भाई हैं, जोकि संयुक्त परिवार के रूप में लैलूंगा से करीब 12 किमी दूर कटकलिया गांव में रहते हैं। जयपाल सिंह जोकि पाकरगांव के पंचायत सचिव हैं वो इनके सबसे छोटे भाई हैं। बीते 7 जुलाई की सुबह 7 बजे वो अपने स्वीफ्ट डिजायर कार से अपने बेटे को लैलूंगा स्थित स्कूल छोड़ने गए थे। जहां उन्होंने अपने बेटे से कहा कि अगर उन्हें उसे लेने आने में देर हुई तो वो अपने दोस्त के साथ उसके घर चला जाए। हुआ भी यही कि स्कूल छुट्टी के बाद जयपाल अपने बेटे को लेने नहीं पहुंचे तो वह अपने दोस्त के यहां चला गया। शाम तक पिता के नहीं लौटने पर उसके दोस्त के घरवालों ने जयपाल के परिजनों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे स्कूल लेने गए और जयपाल से संपर्क करने की कोशिश की तो उनका नंबर बंद आया, तब से लेकर अब तक जयपाल कहां है किसी को उनके बारे में कोई जानकारी नहीं है।



### गाड़ी मिली पर नंबर प्लेट गलत लगा था

करीब सप्ताहभर पहले कोतवाली पुलिस को लाखा गांव के पास एक स्वीफ्ट कार लावारिश हालत में मिली है। उक्त कार जयपाल सिंह का बताया जा रहा है, लेकिन कार का नंबर प्लेट बदला हुआ है। जयपाल के कार का नंबर सीजी 12 बीए 6453 है, जबकि पुलिस को मिली कार में सीजी 13 यू 6773 नंबर प्लेट लगा हुआ है, जिससे पुलिस कन्फ्यूज हो गई कि आखिर मामला क्या है। हालांकि कोतवाली पुलिस द्वारा कार को सुरक्षित थाने में रखा गया है।

### सरकार बदलते ही पक्षपात शुरू

दरअसल बीते विधानसभा चुनाव से पहले जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब यही लैलूंगा पुलिस तत्कालीन विधायक चक्रधर सिंह की जी हुजूरी करने में लगे रहते थे। जब सत्ता छिन गई और प्रदेश में भाजपा की सरकार आई तब पुलिस ने भी दल बदलते हुए पक्षपात करना शुरू कर दिया है। पूर्व विधायक चक्रधर सिंह आम आदमी की तरह पुलिस अधिकारियों, थानों व दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें घुमाया जा रहा है। यही घटना अगर किसी भाजपा विधायक व नेता के घर में घटित हुई होती तो शायद रायगढ़ पुलिस उसे ढूंढने में पूरी ताकत झोंक देती। जानकारों की मानें जिसकी सत्ता होती है पुलिस भी उसी के लिए काम करती है।

### पता देने वालों को परिजन देंगे 21 हजार रुपए इनाम

पूर्व विधायक व उनके परिवार वालों को अब पुलिस पर भरोसा नहीं रह गया है। वो अपने स्तर से जयपाल सिंह की पतासाजी में जुटे हुए हैं। वहीं उनके द्वारा लापता का एक पोस्टर भी जारी किया गया है, जिसमें कहा गया है कि किसी को अगर जयपाल सिंह दिखाई देते हैं या उनकी जानकारी मिलती है तो पोस्टर में दिए गए नंबरों पर संपर्क करें। जानकारी देने वालों को परिवार की तरफ से 21 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। यह पोस्टर लैलूंगा ब्लॉक सहित आसपास के गावों में चस्पा है और सोशल मीडिया में भी खूब वायरल हो रहा है।

### जयपाल का आखिरी लोकेशन कोतबा में मिला

पूर्व विधायक चक्रधर सिंह सिदार ने बताया कि सुबह 10.52 बजे तक जयपाल का फोन चालू था, इसके बाद उसका नंबर बंद आ रहा है। जयपाल का आखिरी लोकेशन जशपुर के कोतबा में दिखा रहा है। उनके द्वारा उसी दिन लैलूंगा थाने में गुम इंसान दर्ज कराया गया है, लेकिन 18 दिनों तक पुलिस द्वारा जयपाल को ढूंढने में कोई रूचि नहीं दिखाई गई। इस बीच वो कई बार एसपी से मिलने पहुंचे जहां उनसे मुलाकात नहीं होने पर एएसपी से उन्होंने भाई को ढूंढने की गुहार लगाई। तब भी कोई सुनवाई नहीं हुई। अभी दो तीन दिन हो रहा है पुलिस टीम उनके घर पहुंच रही है और अब जाकर जयपाल को ढूंढने की बात कह रही है। ऐसे में पुलिस की कार्रवाई से वो व उनके परिवार वाले संतुष्ट नहीं हैं।

### परिजनों को किडनैपिंग की आशंका

पूर्व विधायक चक्रधर सिंह सिदार की मानें तो जयपाल सिंह कर्ज में डूबा हुआ था, लेकिन कभी उन्होंने अपने भाइयों को इस बारे में जानकारी नहीं दी। जब भी वे जयपाल से रुपए लेनदेन के बारे में पूछते तो वो मैं खुद मैनेज कर लूंगा भैया कह कर बात को टाल देते थे। चक्रधर सिंह की मानें तो अगर वो खुल कर कुछ बताते तो सब मिल कर लेनदेन के मामले को भी सुलझा लेते। चक्रधर सिंह व उनके परिवार वालों को शक है कि इसी लेनदेन की वजह से किसी ने जयपाल का किडनैप किया है, लेकिन 21 दिन तक अज्ञात लोगों ने उनके साथ क्या किया, वो किस हाल में इस बात की चिंता परिजनों को सता रही है। वहीं अब पुलिस जांच करने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रही है।

लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्व विधायक के भाई के लापता होने के मामले में रायगढ़ पुलिस द्वारा स्पेशल टीम गठित कर इसकी जांच की जा रही है। हमको इसमें ब्रेक थ्रू मिला है, लेकिन अभी हम इसे शेयर नहीं कर सकते, जल्दी ही इस मामले में पुलिस को कामयाबी मिलेगी।

सिद्धांत तिवारी, एसडीओपी, धरमजयगढ़

# बेटी को छेड़ा, विरोध पर मां को सरेराह कुल्हाड़ी से काट डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



■ लैलूंगा थाना क्षेत्र की है यह दिल दहला देने वाली घटना, पुलिस कर रही आरोपी की तलाश

लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेटी से छेड़खानी करने पर उसकी मां ने एक युवक को जमकर फटकार लगाई थी। जिसकी रंजिश पर युवक ने महिला को सरेराह कुल्हाड़ी से काट कर मार डाला। इस दिल दहला देने वाली घटना से पूरे जिलेवासी स्तब्ध हैं। फिलहाल घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

दरअसल मृतका के पति ने अपनी रिपोर्ट में वो ग्राम धौंराडांड नवागांव लैलूंगा में रहता है। अपनी बेटी को शादी कर कुरूसलेंगा तमनार में दिया है। करीब 20 दिन पूर्व वअ अपनी बेटी व दमांद को रथ देखने के लिए अपने घर लाया था। उसी दिन गांव का लुकेश्वर यादव रथ देखने के दौरान इसकी बेटी से अश्लील हरकत कर रहा था, जिसे देख कृष्णा की पत्नी ने लुकेश्वर को डांट फटकार लगाई थी। इसके बाद आरोपी और इनके परिवार के बीच आपसी सुलह भी हो गया था और लुकेश्वर के पिता ने इनसे माफी भी मांगी थी। उसी बात को लेकर लुकेश्वर यादव अपने मन में खून्नस रखा था। इसी क्रम में 25 जुलाई की शाम 4 बजे इसकी पत्नी उपर पारा से अपने घर वापस आ रही थी। जैसे ही वह भोजो पैंकरा व मनुभर यादव के घर सामने पहुंची थी कि उसी समय लुकेश्वर यादव अपने घर से लोहे का धारदार कुल्हाडी लेकर निकला और कुल्हाडी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे युवती सड़क पर गिर गई। इसके बाद आरोपी कुल्हाड़ी को वहीं फेंक कर भाग गया। इस घटना में रेखा की मृत्यु हो गई है। फिलहाल घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## दो दिन तक रद्द रहेगी लोकल ट्रेन

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के कोतरलिया व जामगा के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 2 व 3 अगस्त को होगा। इसलिए दो दिनों तक बीआर लोकल ट्रेन रद्द रहेगी। 3 अगस्त को गाड़ी संख्या 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर, गाड़ी संख्या 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 2 अगस्त को गाड़ी संख्या 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर 3 अगस्त को गाड़ी संख्या 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। इसके अलावा 3 अगस्त को गोंदिया व झारसुगुड़ा से रवाना होने वाली 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा-गोंडिया मेमू बिलासपुर में समाप्त होगी अर्थात यह गाड़ी बिलासपुर व झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी।



# पूर्व सरपंच के पुत्र की हत्या के आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पूर्व सरपंच के बेटे की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शराब पीने के बाद हुए विवाद पर टांगी से वारकर युवक की हत्या की गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना के चंद घंटों के भीतर ही आरोपियों को पकड़ लिया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नैला चौकी अंतर्गत ग्राम बोड़सरा में पानी से भरे गडढे में 25 जुलाई को सिवनी के पूर्व सरपंच के बेटे अर्जुन चौहान की लाश मिली थी। सिर पर चोट के गंभीर निशान थे। जिससे पुलिस ने हत्या का मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को आरोपियों का सुराग मिला। इस आधार पर पुलिस ने ग्राम सिवनी निवासी 21 वर्षीय सागर सूर्यवंशी और 24 वर्षीय हर्ष सूर्यवंशी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने हत्या करना स्वीकार किया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे अर्जुन चौहान के साथ शराब पीने गए थे। शराब पीने के बाद अर्जुन के साथ उनका विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर तैश में आकर अपने पास रखी टांगी से उसके सिर पर वार कर दिया।



### पुरानी रंजिश पर प्राणघातक हमला, 5 गिरफ्तार



मुलमुला थाना क्षेत्र के कोनारगढ़ में पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर डण्डा, राड से हत्या करने के नियत प्राणघातक हमला करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों द्वारा 24 जुलाई को कोनारगढ़ में तनीश पटेल के साथ हुये वाद विवाद की बात को लेकर रंजिश रखते हुए राड, डण्डा, बेल्ट लेकर घर अंदर घुसकर जान से मारने की धमकी देकर प्राणघातक हमला कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर मुलमुला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ा।

### लापता युवक की कुरकुट नदी में मिली लाश

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन दिन से लापता युवक की कुरकुट नदी में तैरती हुई लाश मिली है। घटना की सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। मृतक गंगा राम राठिया पिता अमर सिंह (37) कमतरा गांव का रहने वाला था। वह 24 जुलाई को नहाने जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजन उसकी पतासाजी कर रहे थे। इसी बीच रविववार को गांव के लोग नदी में नहाने गए थे तो देखा कि गंगा राम कि लाश पानी में तैर रही है। इसके बाद लोगों ने घटना की जानकारी गंगाराम के परिजनों को दी और पुलिस को मौके पर बुलाया गया। परिजनों द्वारा मृतक कि शिनाख्ती की गई है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है।

# मांड नदी में छलांग लगाने वाले ठेकेदार की 20 किमी दूर मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र की घटना, मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस



धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की दोपहर उफनती मांड नदी में छलांग लगाने वाले ठेकेदार की लाश रविवार की सुबह डीडीआरएफ की टीम को हाटी क्षेत्र में मिली है। इसके बाद पुलिस टीम ने पोस्टमार्टम करा कर मर्ग कायम करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया है।

दरअसल शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे धरमजयगढ़ क्षेत्र के डोंगा घाट स्थित मांड नदी के पुल के पास एक स्कूटी और एक मोबाइल फोन लावारिश हालत में मिली। स्कूटी और मोबाइल धरमजयगढ़ के नीचे पारा निवासी संजय शर्मा का बताया जा रहा था, जोकि पेशे से ठेकेदार था। मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा आशंका जताई रही थी कि किसी कारणवश संजय शर्मा ने नदी में छलांग लगा दी है। ठेकेदार के नदी में छलांग लगाने की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम के अलावा डीडीआरएफ की टीम उसकी पतासाजी में जुटी थी। इसी बीच रविववार को संजय शर्मा का शव घटना स्थल से करीब 20 किमी दूर हाटी खड़गांव के पास मिला। जिसके बाद मृतक के शव को नदी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया।

## छत्तीसगढ़ी रंग में रंगा आबकारी भर्ती परीक्षा, सवाल से उत्साहित हुए परीक्षार्थी

# संस्कृति, परंपरा और विकास पर पूछे गए प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रविवार को आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में छत्तीसगढ़ की मिट्टी की खुशबू साफ महसूस की गई। यह परीक्षा केवल नौकरी पाने की दौड़ नहीं रही, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, परंपरा, इतिहास और विकास योजनाओं की गहराई को परखने का मंच बन गई। प्रश्नपत्र में राज्य से जुड़ी अनेक विशेषताओं को शामिल किया गया, जिससे परीक्षार्थियों को अपने ही प्रदेश को नए नजरिए से जानने का मौका मिला।

परीक्षा में पूछा गया कि पद्मश्री पंडित मुकुटधर पांडेय ने छत्तीसगढ़ के किस लोकनृत्य की तुलना गुजरात के गरबा से की थी। यह प्रश्न सांस्कृतिक बोध और छत्तीसगढ़ी लोक कला की गहराई को परखने वाला रहा। वहीं, एक अन्य सवाल ने छात्रों की जनजातीय समझ को परखा। मांदरी नृत्य किस जनजाति से संबंधित है। इसके लिए बैगा, कंवर, मुड़िया और उरांव जनजातियों के विकल्प दिए गए थे। तीज पर्व, जो छत्तीसगढ़ी महिलाओं का विशेष पर्व है, उस पर भी सवाल पूछा गया कि यह किस महीने में मनाया जाता है। विकल्प में आषाढ़ए श्रावण, भाद्रपद और कार्तिक शामिल थे। 100 अंकों के प्रश्नपत्र में से 32 अंक सिर्फ छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान के लिए निर्धारित थे। इसमें प्रदेश की औद्योगिक विकास नीति, और अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 जैसी दूरदर्शी योजनाओं को समझने वाले प्रश्न भी शामिल थे। यह पहल राज्य सरकार और परीक्षा संस्थाओं के उस दृष्टिकोण को दिखाता है, जिसमें स्थानीय पहचान को भी प्राथमिकता दी जा रही है।



### इतिहास की परतें भी खंगाली गईं

सामान्य ज्ञान खंड में पूछा गया महारानी वासटा का संबंध छत्तीसगढ़ के किस प्राचीन वंश से था। विकल्पों में सातवाहन, राजर्षितुल्य, पांडु और कचचुरी वंश शामिल थे। यह सवाल न सिर्फ ऐतिहासिक ज्ञान को, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को भी उजागर करता है। राज्य की जलविद्युत परियोजनाओं को उनकी स्थापना के कालक्रम में क्रमबद्ध करने का भी सवाल आया। मिनीमाता हसदेव बांगों परियोजना, गंगरेल जल विद्युत परियोजना, सिकासार परियोजना, बोधघाट परियोजना के बारे में पूछा गया था।

### 41 केंद्रों में 8640 परीक्षार्थी शामिल

जिले में इस परीक्षा के लिए कुल 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहाँ कुल 11, 343 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 8,640 परीक्षार्थियों ने भाग लिया, जबकि 2,703 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। सबसे अधिक अनुपस्थिति उत्तम मेमोरियल कॉलेज, पटेलपाली केंद्र में दर्ज की गई। यहाँ 420 अभ्यर्थियों में से 305 पहुंचे, वहीं 115 परीक्षा से वंचित रह गए। इसी तरह सेंट टेरेसा कान्वेंट स्कूल में 480 में से 371 अभ्यर्थी ही उपस्थित रहे और 109 ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक चली। केंद्रों पर सुरक्षा और अनुशासन व्यवस्था चाकचौबंद रही। अधिकांश परीक्षार्थियों ने परीक्षा को संतोषजनक बताया।

## दादी मंगल पाठ का समापन



**रायगढ़।** शहर की अग्रणी सामाजिक एवं धार्मिक समिति दादी सेवा समिति की महिला श्रद्धालु सदस्यगण हमेशा भव्यता के साथ धार्मिक आयोजन करते हैं। जिसकी एक अलग ही प्रसिद्ध है और हर कार्यक्रम में श्रद्धालुगण भाग लेकर इसे भव्यता भी देते हैं। समिति की महिला सदस्यों ने धार्मिक कार्यक्रम के अन्तर्गत विगत 25 जुलाई तक भव्य तेरह दिवसीय मंगल पाठ का आयोजन मंदिर परिसर में किया।

दादी माता का अलौकिक श्रृंगार धार्मिक इस भव्य आयोजन के अंतर्गत दादी माता की प्रतिमा का अलौकिक श्रृंगार किया गया था जिसकी खूबसूरती देखते ही बनीं। वहीं प्रत्येक दिन मंगलपाठ के लिये अलग- अलग दादी सदस्यों ने मंगलपाठ की जिम्मेदारी ली व उसे बखूबी निभाया जिनको समापन दिवस पर सम्मानित भी किया गया। इसी तरह मंगल पाठ के दौरान प्रतिदिन दादी जी का विशेष श्रृंगार किया गया व दादी भक्तों से मंदिर परिसर खचाखच भरा रहा। धार्मिक इस तेरह दिवसीय दादी मंगल पाठ का समापन अवसर पर राज्य के प्रसिध्द गायक अभिषेक अग्रवाल के समधुर भजनों एवं आकर्षक नृत्य नाटिका के साथ दादी मंदिर परिसर में मनभावन प्रस्तुति दी गई जो उपस्थित सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से बचाव के लिए कार्यशाला कल

**जशपुरनगर।** लोगों को सर्पदंश से बचाव के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 29 जुलाई को नागपंचमी के अवसर पर जशपुर वन मण्डल द्वारा जिला पंचायत सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में वन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा सर्प विशेषज्ञों के द्वारा सर्पदंश से बचाव एवं उपचार के संबंध में किसी आपात परिस्थिति में क्या करें तथा क्या न करें इसकी विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यशाला में सर्प से संबंधित ज्ञान रखने वाले सभी इच्छुक व्यक्ति शामिल हो सकते हैं।

### जनपद परिसर में बनी दुकानों की होगी नीलामी

**जशपुरनगर।** जनपद परिसर में बनी हुई दुकानों का नीलामी करने के लिए जल्द ही नीलामी प्रकिया प्रारंभ होगी। दुकानों में ताला लगा हुआ है तथा परिसर जशपुर रोड़ मुख्य मार्ग शहर के बीच में स्थित है जहा किसी प्रकार की शराबखोरी या अन्य गतिविधियां नहीं होती है।

### अतिक्रमणमुक्त होगा भाथूपारा तालाब

**अम्बिकापुर।** शहर के सैकड़ों साल पुराने भाथूपारा तालाब में पिछले कुछ वर्षों से लगातार मिट्टी, पत्थर डालकर अवैध रूप से बड़े क्षेत्रफल पर कब्जा किया गया है, जिसको लेकर वार्डवासियों ने कई बार कलेक्टर जनदर्शन और नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंप समस्या से अवगत कराया था, किंतु तालाब संरक्षण की कोई पहल नहीं हो सकी। वर्तमान में नगर निगम द्वारा स्वच्छता रैंकिंग में लंबी छलांग लगाने के बाद बदली परिस्थिति में वार्डवासियों ने तालाब के अस्तित्व पर आए इस गंभीर संकट को महापौर मंजूषा भगत और सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी से मिलकर अवगत कराया। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए महापौर, सभापति और एमआईसी सदस्यों ने शनिवार को वार्डवासियों के साथ तालाब का निरीक्षण किया। वार्डवासियों ने बताया कि तालाब सैकड़ों साल पुराना, प्राकृतिक और जीवित तालाब है तथा आसपास के चार वार्ड के हजारों लोगों द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों में उपयोग में लाया जाता है। तालाब भूगर्भ के जलस्तर को बनाएं रखने में मददगार है।

### दो गुटों में विवाद ने लिया बलवा का रुप, मारपीट

**सीतापुर।** दो गुटों के बीच हुए मामूली विवाद में बलवा का रूप ले लिया। विवाद पैसों की लेनदेन को लेकर हुआ था। इस दौरान दोनों पक्षों ने के दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट में दोनों पक्षों को चोट आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है लेकिन इस मामले में अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि ग्राम गुतुरमा निवासी 29 वर्षीय अमन गुप्ता आ. स्व राजकुमार गुप्ता की मोटर पाट्र्स एवं बाइक रिपेयरिंग की दुकान है। इस दुकान में 3-4 माह पहले उलकिया निवासी दीपक पैंकरा अपनी बाइक बनवाने आया था। बाइक की हालत देख मोटर पाट्र्स की दुकान में काम करने वाले मिस्त्री ने 20 हजार खर्च बताया था। मिस्त्री द्वारा खर्च बताने के बाद दुकान संचालक अमन ने दीपक को बोला कि 12 हजार जमा करा दोगे तो बाइक की रिपेयरिंग शुरू करा दूंगा। इस दौरान दीपक ने 5 हजार जमा कराया और बोला कि कुछ दिन में जब 7 हजार जमा करूंगा तब मेरी बाइक का काम शुरू करा देना। इसके बाद न दीपक ने पैसा जमा किया और न ही उसकी बाइक की रिपेयरिंग हुई। इस बीच 20 जुलाई को दीपक अपने कुछ दोस्तों के साथ अमन के दुकान आया और एडवांस दिया हुआ पैसा एवं बाइक को लेकर विवाद करने लगा। काफी समझाने बुझाने के बाद मामला शांत हुआ तो दीपक एवं उसके दोस्त वहां से चले गए। 24 जुलाई को दीपक फिर अपने दोस्तों के साथ मोटर पाट्र्स के दुकान में आया और विवाद करने लगा। विवाद की जानकारी मिलने के बाद अमन का भाई मिथुन गुप्ता दुकान पहुंचा था। इसी बीच अमन भी मौके पर पहुंचा जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और दीपक ने अपने दोस्तों के साथ दोनों भाइयों की पिटाई कर दी।

---

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा किया गया आयोजन

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में 3998 उपस्थित, 918 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा रविवार को जिले के 12 परीक्षा केंद्रों में पूरी कड़ाई और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुई। परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए जिला प्रशासन और परीक्षा आयोजकों ने पहले से ही स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए थे। ड्रेस कोड और समय-सीमा के सख्त पालन की शर्तों के बीच कई परीक्षार्थियों को प्रवेश से वंचित होना पड़ा। इस बार प्रशासन की सख्ती साफ़ तौर पर देखने को मिली, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता को बल मिला है।

जिलेभर से कुल 4916 अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था, लेकिन परीक्षा के दिन केवल 3998 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। शेष 918 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने परीक्षा के पूर्व ही मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, घड़ी, आभूषण और मनमानी ड्रेस पर रोक लगाने के निर्देश जारी कर दिए थे। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश केवल निर्धारित ड्रेस कोड साधारण वस्त्र बिना जेब और बिना बटन की कुर्ता/शर्ट) और निर्धारित समय सीमा में आने पर ही मिल रहा था।

### केंद्रवार उपस्थिति का विस्तृत विवरण

| परीक्षा केंद्र | कुल परीक्षार्थी | उपस्थित | अनुपस्थित |
|---|---|---|---|
| आरबीआर कॉलेज, जशपुरनगर | 480 | 410 | 70 |
| विजय भूषण सिंह गर्ल्स कॉलेज | 420 | 323 | 97 |
| गम्हरिया हायर सेकेंडरी स्कूल | 420 | 350 | 70 |
| सेंट जेवियर्स स्कूल, शांतिभवन | 480 | 393 | 87 |
| होली क्रॉस स्कूल, घोलेंग | 236 | 175 | 61 |
| शासकीय बालक हाईस्कूल | 480 | 391 | 89 |
| एमएलबी स्कूल | 480 | 392 | 88 |
| आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल | 360 | 297 | 63 |
| हाईस्कूल गम्हरिया | 480 | 387 | 93 |
| सरस्वती शिशु मंदिर | 420 | 350 | 70 |
| जशपुरांचल अंग्रेजी स्कूल | 480 | 393 | 87 |
| संत पॉल स्कूल | 300 | 240 | 60 |
| डीपीएस स्कूल | 300 | 294 | 06 |
| कुल | 4916 | 3998 | 918 |

### परीक्षा केंद्रों पर रहा प्रशासन का चौकस पहरा

परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले प्रत्येक परीक्षार्थी की सघन तलाशी ली गई। सुरक्षा बल, महिला पुलिसकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी सुबह से ही केंद्रों पर तैनात रहे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी कैमरे, फ्लाइंग स्क्वॉड और ऑब्जर्वर भी लगाए गए थे।

---

# गाय के मांस के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**जशपुरनगर।** पत्थलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम तिलडेगा कटंगतराई से पांच लोगों को गाय की हत्या के आरोप में 33 किलो गाय के मांस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी गाय के मांस के साथ आरोपी चनेश राम केरकेट्टा और उसके चार साथियों को गिरफ्तार किया है।

- आरोपियों के कब्जे से 33 किलो गाय का मांस व हथियार किया जब्त

पुलिस के अनुसार 26 जुलाई को थाना पत्थलगांव पुलिस को मुखबीर के जरिए पुख्ता सूचना मिलती है कि ग्राम तिलडेगा कटंगतराई का आरोपी चनेश राम केरकेट्टा उम्र 40 वर्ष अपने चार साथियों के साथ घर की बाड़ी में गाय का वध किया है। गाय का मांस काटकर, खाने व बिक्री करने के लिए हिस्सा बंटवारा करने वाला है। सूचना पर पत्थलगांव पुलिस के द्वारा मामले के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश पर तत्काल मुखबिर के द्वारा बताए स्थान पर रवाना होकर, आरोपियों की धर पकड़ हेतु, चनेश राम केरकेट्टा की बाड़ी की घेरा बंदी की गई। जहां पांच व्यक्ति गौ वंश के मांस का हिस्सा बंटवारा करते पाए गए। पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके से पांचों आरोपियों को हिरासत में लिया गया व उनके कब्जे से 33 किलो गाय का मांस सहित वध व मांस काटने में प्रयुक्त औजार को जब्त कर लिया गया। पुलिस के द्वारा जब घटना स्थल की तलाशी ली गई तो वहां गाय का सिर, पूंछ, सिंग व चमड़ी भी मिली।

### किसी को बक्सा नहीं जाएगा

पत्थलगांव क्षेत्र में गौ वंश का वध कर मांस बनाने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गौ वंश से संबंधित अपराध में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

-**शशि मोहन सिंह**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर

---

## विशाल कांवड़ यात्रा आज, कौशल्या के साथ शिव भक्त होंगे शामिल

**जशपुरनगर।** जिले में एक भव्य विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री की पत्नी श्रीमती कौशल्या साय विशेष रूप से शामिल होंगी। यह यात्रा काशी विश्वनाथ शिव मंदिर, तीतरमारा संगम तट से प्रारंभ होकर फलेश्वर नाथ मंदिर, बगिया तक जाएगी।यह धार्मिक यात्रा 28 जुलाई सोमवार को प्रातः 7 बजे प्रारंभ होगी।इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिला-पुरुष श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग लेंगे। भगवा वस्त्रों में सजे श्रद्धालु गंगाजल से शिव अभिषेक के लिए कांवड़ लेकर जयकारों के साथ मंदिर तक पैदल यात्रा करेंगे।

मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय के शामिल होने से इस धार्मिक आयोजन को विशेष गरिमा प्राप्त होगी। उन्होंने इससे पूर्व भी कई धार्मिक आयोजनों में भाग लेकर सामाजिक और सांस्कृतिक सरोकारों को बल दिया है।इस कांवड़ यात्रा के आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है। शिवभक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### फलेश्वर नाथ मंदिर में भंडारे का आयोजन

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को कांवड़ यात्रा जलाभिषेक करेगी जिसके बाद विशाल भंडारा का भी आयोजन किया जा रहा है,जिसमें शिव भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे।

---

# किसान भाइयों की खेती ने पकड़ी रफ्तार, अब अच्छी फसल की उम्मीद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- किसान धान के साथ फल फूल और सब्जी की कर रहे खेती

किसानों द्वारा खेती-किसानी का पर्व हरेली को बड़े उत्साह से मनाया गया। जहां उन्होंने पारंम्परिक औजार और ईश्वर की पूजा अर्चना कर अच्छी फसल की कामना की। जिले के किसान भी अपने खेतों में थरा लगाकर अच्छी फसल की उम्मीद किए हैं।

किसान दीलिप का कहना है कि खेती बाड़ी अगर सही तरीके से उपयोग किया जाए तो काफी लाभदाय होता है और किसानों को उपज का सही दाम भी मिलता है मुख्यमंत्री के सुशासन में किसानों को समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी भी की जा रही है जिससे किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिल रहा है। किसानों को अच्छी फसल लेने के लिए मौसम और फसल का चयन बेहद जरूरी है। हर फसल का एक निर्धारित मौसम होता है जैसे धान वर्षा ऋतु में, गेहूं सर्दियों में। यदि किसान सही समय पर बोवाई और कटाई करते हैं, तो पैदावार अच्छी होती है।

---

## इलेक्ट्रिशियन इंस्टॉलेशन स्पर्धा में युवाओं ने दिखाया हुनर



**जशपुरनगर।** जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज में जिला स्तरीय कौशल तिहार का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर खास तौर पर इलेक्ट्रिशियन इंस्टॉलेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लाइवलीहुड कॉलेज के प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित सात लाभार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित की गई थी। पहली श्रेणी 22 वर्ष से कम आयु के प्रतिभागियों के लिए थी, जबकि दूसरी श्रेणी में 22 से 45 वर्ष के बीच के लाभार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में जिला परियोजना लाइवलीहुड के प्रशिक्षक, कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक और आईटीआई आरा के प्राचार्य शामिल रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के कौशल का बारीकी से मूल्यांकन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास के लिए प्रेरित करना और उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना था।

---

## तीन ग्राम पंचायतों में भूमि सर्वेक्षण प्रक्रिया नहीं हो पाई प्रारम्भ, ग्रामीण परेशान

**बिश्रामपुर।** लटोरी तहसील अंतर्गत ग्राम संजयनगर, रविन्द्रनगर और मदनपुर में विस्थापित परिवारों की जमीनों से संबंधित गंभीर त्रुटियों के चलते पुनः भूमि सर्वेक्षण की अनिवार्यता बनी हुई है।इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा विशेषज्ञ टीम और सर्वेक्षण उपकरण की मांग हेतु तीन पत्र रायपुर भेजे गए लेकिन आज तक टीम का गठन नहीं होने से क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि ग्राम संजयनगर,रविन्द्रनगर और मदनपुर में विस्थापित परिवारों की जमीनों से संबंधित गंभीर त्रुटियों के सुधार हेतु कलेक्टर सुरजपुर द्वारा तीसरी बार 29 नवंबर 2024 को राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को एक स्मरण पत्र भेजा गया है।पत्र के माध्यम से सचिव से विशेषज्ञ टीम और सर्वेक्षण उपकरण शीघ्र उपलब्ध कराने का पुनः अनुरोध किया गया था,लेकिन दुर्भाग्यवश आज तक टीम का गठन नहीं हो सका है।गौरतलब है कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सूरजपुर के अनुसार ग्राम संजयनगर, रविन्द्रनगर और मदनपुर में विस्थापित परिवारों की भूमि रिकॉर्ड में व्यापक त्रुटियां पाई गई हैं।यहां पर कई परिवारों की भूमि गलत तरीके से दर्ज की गई है।कुछ जगहों पर सीमा निर्धारण में भ्रम की स्थिति है।पुनर्वास किए गए परिवारों को उचित भूमि आबँटन का सत्यापन भी अब तक नहीं हुआ है,इससे संबंधित अनेक शिकायतें स्थानीय प्रशासन को प्राप्त हो चुकी हैं।

---

# घर पर गिरी पड़ोसी की जर्जर दीवार मलबे में दबकर मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



बलरामपुर जिले में बारिश का कहर जारी है। एक तरफ जहां बारिश के कारण नदी नाले उफान पर आ गए है तो वहीं दूसरी ओर भारी बारिश के कारण मकान की दीवार गिरने से एक एक ही परिवार के पांच लोग दब गए। इस घटना में एक मासूम बच्ची की मौत हो गई जबकि अन्य गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आनन फानन में रेस्क्यू कर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 13 निवासी 40 वर्षीय प्रमोद रवि पत्नी 34 वर्षीया सुनीता देवी, 10 वर्षीया बच्ची राधा, 9 वर्षीया काजल और 8 वर्षीय खुशबु के साथ रहते है। शुक्रवार की रात पूरा परिवार खाना खाने के बाद सो गया था। इस दौरान मूसलाधार बारिश के बीच भोर के 5 बजे अचानक ही प्रमोद रवि के घर में बगल में स्थित एक जर्जर दीवार धराशायी हो गई। दीवार सीधे प्रमोद रवि के घर की दीवार पर गिरी जिससे प्रमोद रवि के घर की दीवार भी धराशायी हुई। दीवार के साथ प्रमोद के घर का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर मलबे में तब्दील हो गया और घर में सो रहे दम्पति व तीनों बच्चे समेत 5 लोग मिट्टी के मलबे में दब गए। अल सुबह इस घटना के बाद क्षेत्र में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों के साथ ही पुलिस की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर दबे हुए सदस्यों को बाहर निकाला लेकिन इस घटना में 8 वर्षीया मासूम बच्ची खुशबु रवि की मौत हो गई थी जबकि शेष सभी सदस्यों को उपचार के लिए 100 बिस्तरीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर इस घटना की जानकारी मिलने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने घायलों के उचित इलाज के लिए डॉक्टर से बात की वही घायलों के इलाज के लिए हर संभव मदद देने की बात कही। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

---

## शिक्षक सम्मान पुरस्कार हेतु आवेदन 30 तक

**अम्बिकापुर।** लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान स्मृति पुरस्कार 2025 के लिए शिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। यह पुरस्कार शिक्षकों के उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान, नवाचार, छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने हेतु प्रदान किया जाता है। आवेदन की प्रक्रिया व पात्रता के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। पंजीकरण की तिथि 8 जुलाई से 30 जुलाई तक है। शिक्षक की न्यूनतम आयु 45 वर्ष (दिनांक 31.12.2024 तक) होनी चाहिए। सहायक शिक्षक, शिक्षक, प्रधान पाठक, व्याख्याता के लिए 15 वर्ष, प्राचार्य के लिए 20 वर्ष, एवं शिक्षाकर्मी के लिए 12 वर्ष का शिक्षण अनुभव अनिवार्य है। केवल वे शिक्षक पात्र होंगे जो विद्यालय में नियमित रूप से अध्यापनरत हैं।

---

# सहकारी समितियों के निर्वाचन के संबंध में कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





शासन के निर्देशानुसार सहकारिता विभाग द्वारा पंजीकृत कार्यशील समितियों में से चिन्हांकित 40 सहकारी समितियों में जाकर निर्वाचन के संबंध में कार्यशाला का आयोजन 23 से 27 जुलाई तक किया गया।

जिसमें शासन द्वारा जारी कैलेंडर अनुसार सभी 40 सहकारी समितियों में कार्यशाला द्वारा बोर्ड के निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें निर्वाचन के महत्व को बताया गया। इसके साथ ही समय सीमा में कराने हेतु जागरूक किया गया। कार्यशाला में समिति के सदस्यों से निर्वाचन के प्रक्रिया के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। उक्त कार्यशाला में सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ सहकारी समितियों सदस्य भी उपस्थित रहे।

---


ब्लैक आउट जैसी स्थिति बनी, नगर पालिका की घोर लापरवाही उजागर

# जशपुर-डाल्टनगंज मुख्य मार्ग पांच रातों से अंधेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शहर के बिरसा मुंडा चौक से करबला रोड होते हुए झारखंड के गोविंदपुर और वहां से सीधे डाल्टनगंज झारखंड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क बीते पांच दिनों से अंधेरे की गिरफ्त में है। रात होते ही इस व्यस्त अंतर्राज्यीय मार्ग पर गहरा सन्नाटा और घुप्प अंधेरा छा जाता है। जिससे राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी प्रदीप तिग्गा ने बताया कि बीते कुछ दिनों से इस मार्ग की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। नगर पालिका के विद्युत विभाग को शिकायत दी गई है, लेकिन कर्मचारी केवल अन्य क्षेत्रों में काम होने का हवाला देकर जिम्मेदारी से बचते नजर आ रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें जहां अधिकारी भेजेंगे, वे वहीं सुधार कार्य करेंगे। गौरतलब है कि हाल ही में नगर में अंडरग्राउंड केबल आधारित आधुनिक स्ट्रीट लाइट सिस्टम लगाया गया है, जिससे अधिकांश क्षेत्र दूधिया रोशनी में चमक रहे हैं, लेकिन करबला रोड इस विकास से अछूता है। ग्रामीण अब नगर पालिका से यह सवाल पूछ रही है कि क्या करबला रोड नगर की प्राथमिकता में नहीं आता? आखिर कब तक यह मुख्य मार्ग शो-पीस बनी स्ट्रीट लाइट के भरोसे अंधेरे में डूबा रहेगा?



### दुर्घटना के अलावा असामाजिक तत्वों का भय

अंधेरे के कारण न केवल दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है, बल्कि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों में भी इजाफा हुआ है। वार्ड पार्षद की ओर से बार-बार आश्वासन मिलते रहे हैं, परंतु समाधान आज तक नहीं हो पाया है।

---

## सड़क दुर्घटना में हॉकर यूनियन संघ अध्यक्ष घायल



**जशपुरनगर।** शहर से लगे गिरांग क्षेत्र में स्थित प्रताप स्कूल मोड़ के पास एक हादसे में हॉकर यूनियन संघ का अध्यक्ष राजकिशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के अनुसार दिनभर की बारिश के बाद शाम के समय क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई थी। इसी कारणवश यह दुर्घटना घटी। बताया जा रहा है कि अध्यक्ष राजकिशोर रोज की तरह लोखण्डी से खेती-किसानी का कार्य निपटाकर अपने निवास पुरानी टोली लौट रहा थ। जैसे ही वह प्रताप स्कूल मोड़ के पास पहुंचा, सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात पिकअप ने टक्कर मारका फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क किनारे दूर जा गिरा, जिससे उनके सिर, हाथ और कमर में गंभीर चोट आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को बुलाया और घायल को जिला अस्पताल पहुँचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।



# 'उदयपुर फाइल्स' की नई रिलीज तारीख का ऐलान

**मुंबई।** अभिनेता विजय राज की फिल्म 'उदयपुर फाइल्सः कन्हैया लाल टेलर मर्डर' पिछले काफी समय से चर्चा में है। भरत श्रीनेत के निर्देशन में बनी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' अब 8 अगस्त को दर्शकों के बीच आएगी। पहले यह फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। एक इंटरव्यू में भरत ने कहा, हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं। सत्य की हमेशा जीत होती है। फिल्म का नया पोस्टर भी रिलीज हो गया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट को निर्देश दिया था कि वह 28 जुलाई को फिल्म रिलीज करने की केंद्र की मंजूरी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करे।

## लाइफStyle



# मौनी

## विश्वम्भर में चिरंजीवी के साथ जमेगी जोड़ी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब मौनी के खाते में एक और बड़ी फिल्म जुड़ गई है। सुपरस्टार चिरंजीवी की फिल्म 'विश्वम्भर' में उनकी एंट्री हो चुकी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, चिरंजीवी की बहुचर्चित फिल्म 'विश्वम्भर' की स्टार कास्ट में अब मौनी शामिल हो गई हैं। वह फिल्म के एक खास गाने पर चिरंजीवी के साथ थिरकती नजर आएंगी।

कहा जा रहा है कि इस फिल्म में मौनी का जोरदार कैमियो होने वाला है। फिल्म की शूटिंग अपने आखिरी चरण पर है। हैदराबाद में मौनी और चिरंजीवी फिल्म के लिए एक बेहतरीन गाने की शूटिंग कर रहे हैं। 'विश्वम्भर' की बात करें तो इस फिल्म के निर्देशन की कमान मल्लिडी वशिष्ठ ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है।

इस फिल्म में चिरंजीवी की जोड़ी अभिनेत्री तृषा कृष्णन के साथ बनी है। आशिका रंगनाथ, ईशा चावला, सुरभि पुराणिक और कुणाल कपूर जैसे सितारे भी फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते नजर आएंगे। 'विश्वम्भर' का बजट 200 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। फिलहाल इस फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।


अभिनेत्री मौनी रॉय पिछली बार फिल्म 'द भूतनी' में नजर आई थीं, जिसमें उनके काम को काफी पसंद किया गया। हालांकि, उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी। अब मौनी जल्द ही फिल्म 'सलाकार' में नजर आएंगी। उनकी यह फिल्म 8 अगस्त को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होने वाली है।

## हॉलीवुड मसाला



# घर की दीवारें करती हैं बातें...

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन फिल्म 'वॉल टू वॉल' एक शानदार मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म है, जो लोगों को इतनी पसंद आ रही है कि आते ही नेटफ्लिक्स पर नंबर बन गई है। ये कोरियाई शख्स वू सुंग के ऊपर बेस्ड है। वू सुंग दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में नौकरी करता है। ये शख्स गांव का खेत बेचकर और लोन लेकर एक अपार्टमेंट में घर खरीदता है लेकिन इसके घर की दीवारों से आती अजीबोगरीब आवाजें इसका जीना हराम कर देती हैं। आखिरकार ये शख्स जिम्मेदार को खोज ही निकालता है।



# एंजेलिना की बेटी ने पार्टनर के साथ रहने के लिए छोड़ा घर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस एंजेलिना जोली इन दिनों टेंशन में हैं। एक्ट्रेस की बेटी शिलोह ने उनका घर छोड़कर अपनी गर्लफ्रेंड डांसर केओनी रोज के साथ रहना शुरू कर दिया है। इस बात को लेकर एंजेलिना और उसके पूर्व पति और बेटी शिलोह के पिता ब्रैड पिट भी परेशान हैं। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक एंजेलिना जोली अपनी बेटी के इस फैसले से खुश नहीं है। कहा जा रहा है कि एंजेलिना की बेट शिलोह पिछले कुछ हफ्तों से अपनी गर्लफ्रेंड के साथ रह रही हैं। दरअसल, एंजेलिना चाहती हैं कि बच्चे उनके साथ ही रहें। वह चाहती हैं कि उनके बच्चे एक सुरक्षित माहौल में रहें। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट ने छह बच्चे हैं। मैडॉक्स, पैक्स, जहरा, शिलोह और दो जुड़वां बच्चे नॉक्स और विविएन हैं।



# अब मलयालम सिनेमा में दिखाएंगी दमखम


**मुंबई।** सैयामी खेर मनोरंजन जगत की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनकी आगामी फिल्मों का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। उन्होंने हिंदी के अलावा तेलुगु और मराठी फिल्मों में भी काम किया है। अब सैयामी से जुड़ी एक ऐसी खबर सामने आ रही है, जिससे उनके प्रशंसक यकीनन खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, अब सैयामी मलयालम सिनेमा में कदम रखने के लिए तैयार हैं। उन्होंने खुद इस खबर पर मुहर लगाई है। बॉलीवुड हंगामा के साथ खास बातचीत में सैयामी ने खुलासा किया कि वह मलयालम सिनेमा में कदम रखने वाली हैं, जिसके लिए उन्होंने अभिनेता रोशन मैथ्यू से हाथ मिलाया है। अभिनेत्री ने अपनी खुशी जताते हुए कहा, मैं रोशन मैथ्यू की फिल्म में कैमियो कर रही हूं। वह एक बेहतरीन फिल्म निर्माता और अभिनेता हैं। मैं उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। म



# रणवीर अब दिनेश के साथ खेलेंगे पारी

**मुंबई।** रणवीर सिंह पिछली बार फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आए थे। उधर बतौर लीड हीरो उनकी आखिरी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' थी, जिसने जोरदार कमाई की थी। रणवीर का नाम तब से अब तक कई फिल्मों से जुड़ चुका है। एक ओर वह आदित्य धर की 'धुरंधर' को लेकर चर्चा में हैं तो वहीं अब एक नई फिल्म उनके हाथ लग गई है, जिसके निर्माता 'स्त्री 2' और 'छावा' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके दिनेश विजान हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, दिनेश विजान की इस फिल्म का निर्देशन अमित रविन्द्रनाथ शर्मा करने वाले हैं, जिन्होंने पिछली बार अजय देवगन अभिनीत 'मैदान' का निर्देशन किया था। इससे पहले आयुष्मान खुराना अभिनीत फिल्म 'बधाई हो' के निर्देशन की कमान भी अमित ने ही संभाली थी।

## टीवी मसाला



# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में खत्म हुआ 'रूही' का सफर

**मुंबई।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' पिछले 15 सालों से टीवी पर चल रहा है। ये सबसे लंबे समय से टीवी पर टेलीकास्ट होने वाले शोज में से एक है। हाल ही में शो में कई सारे ट्विस्ट एंड टर्न आए हैं और ढेर सारे ट्विस्ट के साथ ही कहानी में लीप आया है जिसके बाद शो से कई सारे किरदार बाहर हो गए हैं। सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलता है' में रूही के किरदार में नजर आने वाली एक्ट्रेस गरविता साधवानी अब शो का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर फैंस को बताया कि वो अब शो का हिस्सा नहीं है और उनका किरदार खत्म हो गया है। फैंस लंबे वक्त से गरविता साधवानी की शो में वापसी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन अब उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर एक इमोशनल नोट लिखकर कन्फर्म कर दिया कि वो वापस नहीं आ रहीं हैं और ये रिश्ता में उनका सफर खत्म हो चुका है। एक्ट्रेस ने अपनी स्टोरी में एक मेसेज लिखा जिसमें उन्होंने फैंस को जानकारी दी कि अब वो शो का हिस्सा नहीं हैं। वो अपने पोस्ट में लिखती हैं, 'यह बताना चाहती हूं कि अब मैं 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का हिस्सा नहीं हूं। 'रूही' के किरदार को जो प्यार और अपनापन आप लोगों ने दिया, उसके लिए दिल से शुक्रिया। यह किरदार मेरे लिए सिर्फ एक रोल नहीं था, यह एक भावना बन गया था। उन्होंने बताया कि उन्होंने 1.5 साल तक पूरी मेहनत और दिल से यह किरदार निभाया और इस दौरान बहुत कुछ सीखा। गरविता ने अपने सफर को 'जादुई' बताया और कहा कि हर अच्छी चीज की एक खूबसूरत एंडिंग होती है। रूही का किरदार शो की मुख्य भूमिकाओं में से एक था। शो में आए 7 साल के लीप के बाद दर्शकों को उम्मीद थी कि वे रूही और उनके बेटे दक्ष को फिर से स्क्रीन पर देख पाएंगे लेकिन अफसोस, गरविता ने शो से विदा ले लिया है।

## बिग बॉस' के 19वें सीजन का ऐलान

**मुंबई।** छोटे पर्दे का सबसे चर्चित और विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 19वें सीजन का आधिकारिक ऐलान हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि




इस सीजन की मेजबानी भी अभिनेता सलमान खान को ही सौंपी गई है। बिग बॉस 19' का पहला प्रोमो वीडियो सामने आ गया है, जिसमें बिग बॉस की आंख को इस बार रंग बिरंगा दिखाया गया है। शो के इस लोगो को अब इसकी थीम से जोड़कर देखा जा रहा है। कलर्स टीवी ने 'बिग बॉस 19' का पहला प्रोमो साझा किया करते हुए लिखा, 'ना चलेगी कोई चाल या नीति, क्योंकि इस बार बिग बॉस में रच जाएगी अनोखी राजनीति।' यह शो कब से शुरू हो रहा है, इसका खुलासा नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन इस बार कई बड़े बदलावों के साथ लौट रहा है। चर्चा है कि इस बार शो में यूएई की हिजाबी डॉल हबूबू की भी एंट्री होगी।

# इन स्टार किड्स ने की थी जबरदस्त शुरुआत एक को मिले थे 30,000 शादी के प्रस्ताव

**मुंबई।** इन दिनों फिल्म 'सैयारा' खूब चर्चा में है। इस फिल्म का निर्देशन 'आशिकी 2' वाले मोहित सूरी ने किया है, वहीं यशराज फिल्म्स ने इस पर पैसा लगाया है। फिल्म पहले दिन से ही धमाल मचा रही है। बॉक्स ऑफिस पर तेजी से 100 करोड़ रुपये कमाने वाली इस फिल्म से चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे ने बॉलीवुड में कदम रखा है। आइए जानें उन स्टार किड्स के बारे में, जिन्होंने अपनी पहली ही फिल्म से दिल जीत लिए।



***ऋतिक रोशन को मिले शादी के प्रस्ताव :*** ऋतिक रोशन ने 'कहो ना प्यार है' से बॉलीवुड में कदम रखा था। उनके पिता राकेश रोशन ने उन्हें इंडस्ट्री में लॉन्च किया था। ऋतिक को फिल्म में देखने के बाद लड़कियां इस कदर उनके लिए पागल हो गईं थीं कि उन्हें 30,000 शादी के प्रस्ताव मिले थे। फिल्म में उनकी जोड़ी अमीषा पटेल के साथ बनी थी। फिल्म ने सबसे ज्यादा 92 पुरस्कार अपने नाम किए थे, जिसके चलते इसका नाम गिनीज बुक में भी दर्ज है।



**वरुण धवन :** डेविड धवन के बेटे वरुण धवन भी अपनी पहली ही फिल्म से पर्दे पर छा गए थे। उन्हें करण जौहर ने बॉलीवुड में अपनी फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से लॉन्च किया था और इसके बाद वरुण ने एक के बाद एक हिट फिल्म देकर ऐसा धमाल मचाया कि उन्हें बॉलीवुड का दूसरा गोविंदा कहा जाने लगा। वरुण की कॉमेडी से लेकर डांस तक की तुलना गोविंदा से हुई। 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी।



**आमिर खान :** आमिर खान एक लंबे अरसे से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। जब वो अभिनेता नहीं बने थे, तब भी उनका कैमरे की दुनिया से पुराना नाता था, क्योंकि उनके पिता ताहिर हुसैन जाने-माने निर्माता थे। आमिर ने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत 1988 में आई फिल्म 'कयामत से कयामत तक' से की थी। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। न सिर्फ ये सुपरहिट हुई, बल्कि इसने 10 पुरस्कार भी झटक लिए थे।




**सनी देओल :** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के बेटे सनी देओल ने भी बॉलीवुड में एंट्री करते ही धमाल मचा दिया था। अगर कोई स्टार अपनी पहली फिल्म से चमक जाए तो उसके लिए ये सोने पर सुहागा हो जाता है। ऐसा ही सनी के साथ भी हुआ था। उनकी पहली फिल्म 'बेताब' थी और सनी ने आते ही दर्शकों को बेताब कर दिया था।

# 'डॉन 3' में 'आज की रात' गाने पर थिरकती आएंगी नजर

**मुंबई।** फरहान अख्तर के निर्देशन में बन रही फिल्म 'डॉन 3' हिंदी सिनेमा की सबसे बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। खास बात यह है कि इस फिल्म के हीरो और कोई नहीं, बल्कि रणवीर सिंह हैं। इस फिल्म में रणवीर की जोड़ी अभिनेत्री कृति सैनन के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब सुपरहिट फ्रैंचाइजी 'डॉन' की तीसरी किस्त 'डॉन 3' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है।

### डांस करती दिखेंगी कृति

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'डॉन 3' में साल 2006 में आई फिल्म 'डॉन' के हिट गाने 'आज की रात' को नए अंदाज में पेश किया जाएगा। इस गाने को शाहरुख खान और प्रियंका चोपड़ा के साथ फिल्माया गया था। 'डॉन 3' के इस गाने में कृति जोरदार डांस करती नजर आएंगी। इसमें अभिनेत्री के साथ अन्य कलाकार भी शामिल होने की उम्मीद है, जिनके नाम पर अभी मुहर नहीं लगी है।



### कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग?

रणवीर इस साल सितंबर तक फिल्म 'धुरंधर' की शूटिंग करने वाले हैं। इसके बाद वह 'डॉन 3' की तैयार में जुटेंगे। फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो जाएगी, वहीं यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कृति के पहले रणवीर की जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी थी, लेकिन उन्होंने अपनी गर्भावस्था के कारण इस फिल्म से किनारा कर लिया। उधर खलनायक की भूमिका के लिए फरहान कई अभिनेताओं से बातचीत कर रहे हैं।

## निर्देशक सुनील दर्शन ने 20 साल बाद दोनों से जुड़ा किया एक बड़ा खुलासा

# प्रियंका चोपड़ा के चक्कर में अक्षय कुमार की जिंदगी में जब मचा बवंडर

*मुंबई। अक्षय कुमार बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार रहे हैं, जो अपनी पेशेवर जिंदगी के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहे हैं। शिल्पा शेट्टी से लेकर रवीना टंडन तक, उनका नाम कई अभिनेत्रियों के साथ जुड़ा। प्रियंका चोपड़ा के साथ भी उनके अफेयर की खबरें खूब आईं। अब हाल ही में निर्देशक सुनील दर्शन ने 20 साल बाद अक्षय और प्रियंका से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है।*



### 'बरसात' के लिए पहली पसंद बॉबी नहीं, अक्षय थे

साल 2005 में बॉबी देओल, बिपाशा बसु, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'बरसात' आई थी, जो बॉक्स-ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। फिल्म का इतना बुरा हाल हो गया था कि लागत तक वसूलने में भी इसके पसीने छूट गए थे। फिल्ममेकर सुनील दर्शन ने हाल ही में बताया कि इस फिल्म के लिए बॉबी नहीं, असल में अक्षय निर्देशक की पहली पसंद थे। वह अक्षय, प्रियंका और कैटरीना कैफ के साथ फिल्म बनाना चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

### प्रियंका के साथ शूट तक कर चुके थे अक्षय

सुनील बोले, अंदाज' के तुरंत बाद 'बरसात' को एक नए एंगल के साथ एक ट्राएंगल लव स्टोरी के तौर पर डिजाइन किया गया था और अक्षय को मुख्य भूमिका में लिया गया था। उनके पास तारीखें नहीं थीं, जिसकी वजह से उन्होंने तारीख आगे बढ़ाने की मांग की थी, जिसे निर्माताओं ने मान लिया था। सुनील कहते हैं कि उन्होंने पहले ही गाने रिकॉर्ड कर लिए थे और फिल्म के लिए अक्षय-प्रियंका का रोमांटिक ट्रैक शूट हो चुका था।

### ट्विंकल के डर के मारे प्रियंका से बनाई दूरी

निर्देशक ने बताया कि प्रियंका संग अफेयर की खबरों के चलते उनकी पत्नी ट्विंकल खन्ना के साथ उनका रिश्ता बिगड़ रहा था, जिसकी वजह से अक्षय को फिल्म छोड़नी पड़ी थी। कहा जाता है कि फिल्म 'अंदाज' में काम करते हुए अक्षय का दिल प्रियंका पर आ गया था। दोनों के अफेयर की खबर ट्विंकल तक पहुंची तो घर में खूब बवाल हुआ था। अक्षय को ट्विंकल ने कसम दिलवाई कि वह अब प्रियंका के साथ दोबारा काम नहीं करेंगे।

### अक्षय बोले- मुझमें या प्रियंका में एक को चुनना होगा

निर्देशक बोले, 18 महीनों तक उनकी तारीखों का इंतजार करने के बाद ऐन मौके पर अक्षय बोले कि वह मेरी इस फिल्म का हिस्सा नहीं बन सकते। अक्षय ने मुझसे कहा था कि मुझे उनमें या प्रियंका में से किसी एक को चुनना होगा। मतलब अगर प्रियंका होंगी तो वह फिल्म में काम नहीं करेंगे। मीडिया में अक्षय और प्रियंका के अफेयर की खबरों की चर्चा की वजह से उनकी जिंदगी पर असर पड़ रहा था।

### ऐन मौके पर फिल्म से पीछे हट गए थे अक्षय

*सुनील कहते हैं, जब फिल्म के फाइनल शेड्यूल का समय आया तो अक्षय ने मुझे सेट पर बुलाया, जबकि वह अक्सर खुद ही फिल्म निर्माताओं के ऑफिस में मिलने जाते थे। अक्षय ने मुझसे कहा कि फिल्म की वजह से कुछ ज्यादा दिक्कतें हो गई हैं, जिसका सीधा असर उनकी निजी जिंदगी पर पड़ रहा है। वह बोले कि आपको फैसला लेना होगा कि इसके साथ कैसे आगे बढ़ें। अक्षय की बात सुनकर मुझे जोर का झटका लगा था।*

**खबर संक्षेप**



## इस्लामिक नॉलेज प्रतियोगिता संपन्न

**रायगढ़।** ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन,रायगढ़ के तत्वावधान में रविवार को सिरते हसनैन इस्लामिक नॉलेज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। मधुबन पारा स्थित मस्जिद गरीब नवाज में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो वर्गों जूनियर एवं सीनियर में आयोजित की गई थी, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर हज यात्रा से लौटे हाजियों का भी विशेष रूप से सम्मान किया गया। सम्मानित हाजियों में हाजी मोहम्मद अमजद वली साहब, हाजी शेख मोहम्मद मेराज साहब, हज्जन निगार नाज़, हज्जन कनीज़ फातिमा, हज्जन रुखसाना बेगम एवं हज्जन सादिका खातून शामिल रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज व कारी अताउननबी साबरी साहब की तिलावत, कुरआन से हुई। इस ज्ञान प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य आधुनिक शिक्षा के साथ.साथ बच्चों को इस्लामिक ज्ञान से भी जोड़े रखना और दीन की समझ को समाज में प्रबल बनाना था। ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष वसीम खान ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में धार्मिक चेतना जागृत करने के साथ ही सामाजिक एकता को भी बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। इस आयोजन में शहर के कई गणमान्य एवं समाजसेवी उपस्थित थे, जिनमें हाजी शेख कलीमुल्लाह वारसी, हाजी गुलाम रसूल खान, हाजी शेख मुबाशिर हुसैन, अब्दुल कलाम साहब, मोहम्मद अरशद वारसी, हाजी मोहम्मद इलियास किरोड़ीमल, हाजी मोहम्मद सलीम खान, प्रमुख रहे।

## सुरक्षाकर्मी चयन के लिए निजी कंपनी का शिविर

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य सहित अन्य राज्य और जिलों में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के इच्छुक महिला और पुरुष बेरोजगारों को सुरक्षाकर्मी का रोजगार देने के लिए निजी सुरक्षा कंपनी एसआईएस लिमिटेड क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र जशपुर द्वारा जिले में शिविर का निशुल्क आयोजन किया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए आवेदकों से राशि नहीं ली जाएगी। चयनित होने पर उनको कंपनी प्रतिमाह 10 से 20 हजार का वेतन सहित कुछ सुविधा उपलब्ध कराएगी। सारंगढ़ ब्लॉक में जनपद पंचायत कार्यालय सारंगढ़ में 28 जुलाई, ग्राम पंचायत छिंद में 30 जुलाई, सालर में 4 अगस्त, गोडम में 5 अगस्तए कोसीर में 6 अगस्त को शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार बिलाईगढ़ जनपद पंचायत भवन में 8 अगस्तए ग्राम पंचायत भवन बांसउरकुली में 11 अगस्त और पीपरभवना में 12 अगस्त को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## कृषक रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2025 के डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार हेतु योग्य कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पुरस्कार हेतु इच्छुक कृषक आवेदन पत्र उप संचालक कृषि जिला सारंगढ़.बिलाईगढ़ के कार्यालय रानीसागर सारंगढ़ से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरकर संबंधित विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के माध्यम से जमा कराना होगा। पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी कृषि विभाग की वेबसाइट एग्रीपोर्टल डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है। चयन प्रक्रिया के लिए आवेदन उप संचालक कृषि कार्यालय में अंतिम तिथि के पूर्व जमा किया जाना है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में संचालनालय कृषि, छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा जानकारी दी गई है कि पुरस्कार चयन प्रक्रिया निर्धारित नियमों व अधिसूचनाओं के तहत की जाएगी।

### हर साल बाढ़ से प्रभावित होते हैं 14 गांव, इस बार खतरा और बढ़ने की संभावना

# महानदी का जलस्तर बढ़ा, खतरे में रायगढ़ जिले के 14 गांव, प्रशासन अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर विकासखंड में स्थित महानदी के किनारे बसे गांवों में इस समय भय और आशंका का माहौल बना हुआ है। कारण है लगातार हो रही बारिश और गंगरेल डेम से छोड़े जा रहे पानी की वजह से नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ना। प्रशासन पहले से ही सतर्क हो गया है और स्थिति को गंभीर मानते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी कर रहा है।

शनिवार को नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व अमला सिंगपुरी, चंघोरी, बारडोली और छोटेहरदी गांवों में पहुंचा। इन गांवों को हर साल बाढ़ का सामना करना पड़ता है, और इस बार भी स्थिति वैसी ही बनती दिख रही है। चंघोरी के सरपंच सुरेन्द्र जेना ने ग्रामीणों की ओर से प्रशासन को बताया कि निचले इलाकों में पानी भरने लगा है, खेतों में पानी पहुंचने से धान की फसलें भीगने लगी हैं और कई जगह मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। नायब तहसीलदार मिश्रा ने बताया कि इस समय गंगरेल डेम से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण नदी में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। यदि ऊपर से हीराकुंड डेम का गेट भी खोला गया, तो यह इलाका भारी बाढ़ की चपेट में आ सकता है। ऐसे में तत्काल प्रभाव से प्रशासन ने राहत शिविरों की तैयारी शुरू कर दी है, ताकि आपात स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा सके।



### जिला प्रशासन ने शुरू की व्यापक तैयारी

नायब तहसीलदार ने बताया कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य, पेयजल, खाद्य सामग्री, नाव और परिवहन साधनों की व्यवस्था की जा रही है। ग्रामीणों को मुनादी के माध्यम से चेताया जा रहा है कि वे नदी के किनारे या निचले इलाकों में न जाएं। पंचायत सचिवों और पटवारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अलर्ट रहें और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत दें। ग्रामीणों को सूखे राशन के पैकेट, पीने का साफ पानी और प्राथमिक इलाज की सुविधा देने के लिए हर राहत शिविर में टीम बनाई जा रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, राजस्व कर्मी और स्वास्थ्य अमला पूरी तरह से सक्रिय कर दिया गया है।

### हर साल जलप्रलय का सामना करते हैं 14 गांव

पुसौर ब्लॉक में महानदी के तट पर बसे लगभग 14 गांव हर साल बाढ़ की चपेट में आते हैं। इनमें खासकर सिंगपुरी, चंघोरी, छोटेहरदी, बाराडोली, छिछोर उमरिया, पड़िगांव जैसे गांव प्रमुख हैं। बाढ़ आने पर इन गांवों में घरों में पानी घुस जाता है, मवेशियों को सुरक्षित रखना मुश्किल हो जाता है, और फसलें पूरी तरह से नष्ट हो जाती हैं। कई बार तो गांव का संपर्क भी बाकी क्षेत्रों से कट जाता है।

### कब बिगड़ सकते हैं हालात

प्रशासन का मानना है कि यदि बारिश इसी तरह जारी रही और ऊपर के बांधों से पानी और छोड़ा गया, तो 48 से 72 घंटों के भीतर जलस्तर खतरनाक स्थिति में पहुंच सकता है। ऐसे में तत्काल राहत और बचाव अभियान चलाना होगा। अभी से नावों की व्यवस्था, ट्रैक्टर और ट्रक तैयार रखने के निर्देश दे दिए गए हैं। स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि हर साल जब बारिश होती है, तब हम लोग अपना घर छोड़कर स्कूल या मंदिरों में शरण लेते हैं। जानवरों को भी ले जाना मुश्किल होता है। बच्चों की पढ़ाई रुक जाती है, और फसल तो हर बार बह जाती है। इस बीच प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत नजदीकी पंचायत या राजस्व अधिकारी को सूचना दें। स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है।



## मुड़ा तालाब में क्षमता से अधिक पानी, स्थिति गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

लगातार हो रही भारी बारिश के कारण कटेली नगर स्थित ऐतिहासिक मुड़ा तालाब की स्थिति चिंताजनक हो गई है। शहरवासियों के लिए जीवनदायिनी माने जाने वाले इस विशाल जलाशय में अब पानी भराव क्षमता से अधिक हो चुका है, जिससे किसी भी समय अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है।

■ लगातार बारिश से लबालब हुआ तालाब

संवेदनशीलता को देखते हुए जिला कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देश पर एसडीएम प्रखर चंद्राकर ने नगर परिषद के सीएमओ राजेश पांडे और उप अभियंता उत्तम कंवर के साथ स्थल निरीक्षण किया। इसके बाद नगर परिषद द्वारा मुनादी कराई गई, जिसमें आम नागरिकों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है। अनाउंसमेंट में कहा गया है कि अत्यधिक वर्षा एवं आगामी संभावित बारिश को देखते हुए सभी मकान मालिक, रहवासी और पशुपालकों से अनुरोध है कि वे अपने परिवार, घरेलू सामग्री एवं मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करें ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके। नगर परिषद द्वारा चौबीसों घंटे सतर्कता की व्यवस्था की जा रही है और स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।

## वायुसेना अग्निवीर भर्ती : आवेदन 31 तक

**सारंगढ़।** भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ भर्ती के लिए 31 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। इच्छुक आवेदक की आयु सीमा 17.5 वर्ष से 21 वर्ष है और वायु सेना के शैक्षणिक योग्यता अंतर्गत अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक के साथ बारहवीं में 50 प्रतिशत से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसी प्रकार शारीरिक मापदंड भी पूरी करते हैं वे युवा वेबसाइट अग्निपथ वायु सीडीएसी डॉट इन में निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

## सरसींवा नगर की सड़कें बनी दुर्घटना का कारण, लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



बिलाईगढ़ अनुविभाग के प्रमुख नगरों में से एक सरसीवा में सड़कों की हालत बेहद खराब हो चुकी है। चारों दिशाओं की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं, जिनमें बारिश का पानी भरने से दोपहिया वाहन चालकों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

सरायपाली चौक से थाना मार्ग, पेड़ावन चौक से टीहलीपाली, सरायपाली मुख्य मार्ग, भीनोदी, गोपालपुर और मुड़पार तक की सड़कों पर नालियों के अभाव या जाम हो जाने के कारण सड़कें जलमग्न हो जाती हैं। शुभम कंप्यूटर से महामाया टेंडर्स तक लगभग 200 मीटर की सड़क कीचड़ और गंदे पानी से भर जाती है, जिससे विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राएं विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि विगत एक माह से यह स्थिति बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जब पीडब्ल्यूडी के एसडीओ से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। नागरिकों ने शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर पाबंदी

**सारंगढ़।** वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें सरंक्षण देने और बारिश में आम जन के द्वारा मछली पकड़ने कार्य में रोकथाम हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदी मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3 उपधारा.2 दो के तहत 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया है। जिले के मछली पालन विभाग के प्रभारी अधिकारी एन पी ओगरे ने आम जनता को जानकारी दी है कि छत्तीसगढ प्रदेश के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नही हैए के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर सभी प्रकार के जल संसाधन के जलाशयए नदी आदि में 15 अगस्त 2025 तक मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

## कांग्रेस मंडल की पहली बैठक में दी गई 10 डिसमिल जमीन, प्रदेश अध्यक्ष ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



कांग्रेस संगठन की मजबूती को लेकर सारंगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत छिंद मंडल की पहली बैठक ग्राम चंदई में आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश प्रतिनिधि गोल्डी नायक और ब्लॉक अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू मौजूद रहे। इस बैठक में मंडल कमेटी गठन की प्रक्रिया पारदर्शी रूप से संपन्न हुई।

विशेष बात यह रही कि ग्राम चंदई के सरपंच प्रतिनिधि और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश खूंटे ने अपने जन्मदिन के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय के निर्माण हेतु 10 डिसमिल निजी जमीन दान में दी। इस योगदान की जानकारी मिलते ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने फोन पर रमेश खूंटे से बात कर उन्हें धन्यवाद दिया और इस योगदान की सराहना की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ताराचंद देवांगन, सूरज तिवारी, संजय दुबे, विनोद भारद्वाज, राकेश पटेल, मितेंद्र यादव, और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी सभा को संबोधित किया। बैठक में यह भी घोषणा हुई कि विनोद भारद्वाज और राकेश पटेल द्वारा कार्यालय भवन में 1-1 कमरा निर्माण कराया जाएगा। ब्लॉक प्रभारी गोल्डी नायक ने इसे सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला कांग्रेस के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि यह योगदान आने वाले समय में संगठन की ताकत बनेगा।

## जोगीराम आर्य समाज के बने प्रांतीय अध्यक्ष

**पुसौर।** आर्य समाज से जुड़ी प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सभा का चुनाव 20 जुलाई को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिसमें लैलूंगा के सलखिया निवासी जोगीराम आर्य को प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी कृपाल सिंह और पर्यवेक्षक जोगेन्द्र खट्टर की देखरेख में यह निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई।



109 मतदाताओं में से जोगीराम को 51 मत मिले, जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी को 47 मत प्राप्त हुए। उनके साथ ही कोषाध्यक्ष पद पर अवनी भूषण पुरंग को भी 51 मत मिले। जोगीराम को यह सफलता आर्य समाज के प्रति उनकी निष्ठा, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लगातार कार्य, और वैदिक परंपरा को पुनर्स्थापित करने के प्रयासों के लिए मिली है। जोगीराम के पिता उजालो राम आर्य द्वारा दिए गए भूमि दान के कारण सलखिया गांव में आज विशाल आश्रम संचालित है जहां गौसेवा के साथ-साथ विद्यालय और वृद्धाश्रम भी चलते हैं। उनके अध्यक्ष बनने पर प्रदेशभर के आर्य समाज के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है, जिनमें पुसौर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष उमेश साव प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## पारंपरिक अंदाज में लोकगीत और नृत्य के साथ मनाया गया सावन उत्सव

**रायगढ़।** सावन की हरियाली, गीतों की मिठास और सखियों की खिलखिलाहट से सजी एक अनोखी शाम का गवाह बना शहर का गैलेक्सी मॉल, जहाँ 25 जुलाई को दिव्य शक्ति संस्था द्वारा आयोजित दिव्य रंगीलो सावन उत्सव में महिलाओं ने पारंपरिक अंदाज में सावन का स्वागत किया। संस्था प्रमुख कविता बेरीवाल के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सांस्कृतिक, पारंपरिक और आत्मीयता से भरपूर रहा।



भारतीय परिधान में सजी सखियों ने जैसे ही सजाए गए झूले पर बैठकर सावन के मधुर गीतों पर झूमना शुरू किया, माहौल में पारंपरिक मिठास घुल गई। हर ओर हरियाली और उमंग की झलक दिखाई दी। झूले के साथ महिलाओं ने लोकनृत्य की सुंदर प्रस्तुतियाँ दींए जिससे दर्शक भी मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में स्वर लहरियों का भी खास संगम रहा। रश्मि अग्रवाल, पारुल गुप्ता, संगीता अग्रवाल और स्मिता सिंगल ने सावन और लोक गीतों से कार्यक्रम को जीवंत कर दिया। गीतों के साथ साथ महिलाओं की झूमती तालियाँ और नृत्य की थिरकन से मंच सरस बना रहा। गैलेक्सी मॉल का परिसर झूले, फूलों और पारंपरिक साज सज्जा से संवर कर उत्सव को और भी यादगार बना दिया।

### सावन क्वीन बनीं संगीता अग्रवाल

कार्यक्रम का खास आकर्षण रही सावन क्वीन प्रतियोगिताए जिसमें महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। निर्णायकों द्वारा चयन के बाद संगीता अग्रवाल ;फ्रेंड्स कॉलोनीद्ध को सावन क्वीन घोषित किया गया। रश्मि अग्रवाल और तन्नू टूटेजा को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया।



## संकुल स्तरीय विदाई एवं सम्मान समारोह संपन्न

**रायगढ़।** संकुल केंद्र तरकेला, विकासखंड व जिला रायगढ़ के अंतर्गत संकुल स्तरीय विदाई सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन 26 जुलाई को आउटर कॉफी हाउस रायगढ़ में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों ने एकजुट होकर सेवा निवृत्त हुए और स्थानांतरित साथियों को स्नेह व सम्मान के साथ विदाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पीपी खलखो, आरपी राणा, सुरेश कुमार पटेल और पीएन चौधरी उपस्थित रहे। सभी सम्माननीय अतिथियों को संकुल परिवार की ओर से शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखद व सफल भविष्य की मंगलकामनाएं की गईं। विशिष्ट अतिथि के रूप में डीपी पटेल सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, अनिल साहू सहायक विखं शिक्षा अधिकारी, मनोज अग्रवाल विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, आरके राठिया संकुल प्राचार्य, श्रीमती ममता खलखो संकुल प्राचार्य, और श्रवण कुमार प्रधान, सीएसी तरकेला भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

### ग्रामीणों ने की एसपी से शिकायत

# धाराशिव में शराब कोचियों को संरक्षण देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत धाराशिव में अवैध शराब बिक्री को लेकर भारी विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी शिवकुमार धारी पर शराब कारोबारियों को संरक्षण देने और जनप्रतिनिधियों को डराने धमकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक अनजनेय वाशने को लिखित शिकायत सौंप दी है।



ग्रामवासियों का कहना है कि धाराशिव गांव में पंचायत द्वारा सर्वसम्मति से पूर्ण शराबबंदी लागू की गई थी। इसके बावजूद गांव में खुलेआम शराब बिक रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवैध कारोबार में थाना बिलाईगढ़ के प्रभारी शिवकुमार धारी की भूमिका संदिग्ध है और वे शराब माफियाओं को खुला संरक्षण दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शराब की बिक्री ऐसे स्थानों पर की जा रही है जो स्कूल के नजदीक हैं। इससे स्कूली बच्चों का भविष्य खतरे में है। ग्रामवासियोंए पंचों और सरपंच ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर थाना प्रभारी को हटाने और शराबबंदी के प्रभावी क्रियान्वयन की माँग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

### पुलिस ने सरपंच को दी धमकी

गांव के सरपंच ने बताया कि जब उन्होंने इस मामले की शिकायत दूरभाष के माध्यम से थाना प्रभारी से की तो न सिर्फ शिकायत को दरकिनार किया गयाए बल्कि उन्हें धमकाया गया और चुप रहने की चेतावनी दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि जब शासन सुशासन की बात करता हैए तब ऐसे भ्रष्ट अधिकारी सारी उम्मीदों पर पानी फेरते हैं। इन अधिकारियों की ऊँचाई तक पहुँच होने के कारण इनके खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होतीए जिससे लोगों का भरोसा तंत्र से उठता जा रहा है।

### ड्राइवर पर वसूली के गंभीर आरोप

ग्रामीणों ने थाना प्रभारी के ड्राइवर पर भी शराब कारोबारियों से नियमित वसूली करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यह पूरा नेटवर्क भीतर से संरक्षित है। ग्रामीणों का आरोप है कि थाना प्रभारी शिवकुमार धारी पहले स्थानांतरण के बावजूद अपने स्रोतों के दम पर दोबारा बिलाईगढ़ थाना में पोस्टिंग पाने में सफल रहे और अब अवैध गतिविधियों से मोटी कमाई कर रहे हैं।

